मुख्य समाचार:-

- आज कोलकाता में शुभेंदु अधिकारी लेंगे बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री की शपथ, पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह रहेंगे मौजूद
- प्रदेशभर में आज लगेगी नेशनल लोक अदालत, बिजली-पानी बिल के सरचार्ज पर 100% माफी समेत कई विवादों के निपटारे का मौका
- एक तरफ आंधी-बारिश तो दूसरी तरफ चिलचिलाती गर्मी, प्रदेश के 13 जिलों में आज तेज तूफान का अलर्ट, रतलाम में पारा 43.5 डिग्री पहुंचा

बंगाल सीएम शपथ

पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और एन.डी.ए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कल गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में अधिकारी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, जिसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

गैस आपूर्ति

केंद्र सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में घरेलू एल.पी.जी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और पिछले दो दिनों में 97 लाख से ज्यादा सिलेंडर की डिलीवरी की गई है। सरकार का कहना है कि 95 फीसदी डिलीवरी अब रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओ.टी.पी. के जरिए की जा रही है।

मुख्यमंत्री- दिल्ली मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता चुने गए सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद के लिए बधाई भी दी।

साथ ही उन्होने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान को मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण दिया.......

## नेशनल लोक अदालत

प्रदेशभर में आज इस साल की दूसरी नेशनल लोक अदालत आयोजित हो रही है। इसमें बिजली बिल, जल कर और संपत्ति कर के अधिभार पर 100 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। लोक अदालत में संपत्ति विवाद, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना मुआवजा, भरण-पोषण और वैवाहिक विवाद जैसे मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जा सकता है।

## 'मीडिया महाकुंभ'

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के मौके पर भोपाल के भारत भवन में आयोजित तीन दिवसीय 'मीडिया महाकुंभ' का आज दूसरा दिन है। इस महाकुंभ में देशभर के वरिष्ठ पत्रकार, विचारक और मीडिया विशेषज्ञ हिंदी पत्रकारिता के भविष्य पर मंथन कर रहे हैं। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर इसका आयोजन किया जा रहा है।

## एनीमिया मुक्त भारत

प्रदेश ने 'एनीमिया मुक्त भारत स्कोरकार्ड 2025-26' में 92.1 के इंडेक्स स्कोर के साथ पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रदेश में गर्भवती महिलाओं, किशोरों और धात्री माताओं को आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां देने में 95 फीसदी तक कवरेज हासिल की गई है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस उपलब्धि का श्रेय आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को दिया।

## उज्जैन -संस्कृत विश्वविद्यालय

उज्जैन के लक्ष्मणबाग परिसर में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के नए भवन का निर्माण शुरू हो गया है। इसे मध्य प्रदेश भवन

विकास निगम करीब 46 करोड़ रुपये की लागत से तैयार करेगा। इसमें प्रशासनिक ब्लॉक, 12 अध्ययन कक्ष, कंप्यूटर लैब, 50 सीटर कन्या छात्रावास और बालक छात्रावास भी बनाए जाएंगे।

## कूनो नेशनल पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में दो चीतों को खुले जंगल में रिलीज करेंगे। सोमवार सुबह 8 बजे कूनो नदी के पास चीता रिलीज साइट पर यह कार्यक्रम होगा। इस प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर शीला दाहिमा और एसपी सुधीर अग्रवाल ने कूनो पहुंचकर हेलीपैड, चीता रिलीज साइट और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## गेहूं खरीदी

प्रदेश में अब तक 9 लाख 38 हजार किसानों से 56 लाख 45 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। इसके लिए किसानों को 10 हजार 403 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। सरकार 2585 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये बोनस मिलाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है।

## 'वर्ड पावर चैम्पियनशिप'

भोपाल के सांदीपनि विद्यालय गोविंदपुरा में कक्षा 5वीं में पढ़ने वाले आराध्य पाराशर ने मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय 'वर्ड पावर चैम्पियनशिप' में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में देशभर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्तरीय विजेता छात्र शामिल हुए थे।

## 'माइनिंग कैपिटल'

कटनी जिले में सोने के अयस्क और डोलोमाइट के बड़े भंडार मिलने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे प्रदेश की नई 'माइनिंग कैपिटल' घोषित किया है। स्लीमनाबाद के इमलिया गांव में करीब 3.35 लाख टन से ज्यादा सोने का अयस्क

मिलने का अनुमान है, जो 50 साल की भू-वैज्ञानिक खोज का नतीजा है। बड़ेरा और बचरबाड़ा में 50 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तीन बड़े डोलोमाइट ब्लॉक भी माइनिंग कॉर्पोरेशन को दिए गए हैं।

मलेशिया टीम- कान्हा

मलेशिया के वन विभाग का 7 सदस्यों का दल कल मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व पहुंचा। यह दल तीन दिन तक यहां के संरक्षण मॉडल को करीब से समझेगा। पहले दिन खटिया ईको सेंटर में वन्यजीव प्रबंधन, बाघ-इंसान सह-अस्तित्व और आधुनिक वन प्रबंधन पर चर्चा हुई।

ड्रग्स तस्कर

प्रदेश पुलिस ने बीते एक हफ्ते में अलग-अलग जिलों में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 83 लाख रुपये से ज्यादा के मादक पदार्थ और वाहन जब्त किए हैं।

मौसम

प्रदेश के बीच से गुजर रही दो ट्रफ लाइन और ऊपरी हिस्से में सक्रिय चक्रवाती हवाओं के चलते प्रदेश में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। कल 20 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा। मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला समेत 13 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दूसरी तरफ प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर भी बना हुआ है, रतलाम में पारा 43.5 डिग्री तक पहुंच गया जबकि उज्जैन में 42.4, इंदौर-भोपाल में 41.2 और जबलपुर में 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईपीएल

आईपीएल में कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 142 रन बनाए, जिसके जवाब में के. के. आर. ने 15वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। फिन एलन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं आज शाम साढ़े सात बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कल गुना आएंगे और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।
2- मंदसौर में एनसीसी कैडेट्स को टीबी खत्म करने के अभियान में अपनी भूमिका के बारे में जागरूक किया गया।
3- आगरमालवा जिले में नेशनल लोक अदालत के लिए 10 न्यायिक खंडपीठें बनाई गई हैं।
4- झाबुआ में गर्मी के चलते पेयजल समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है।
5- सतना में नगर परिषद नागौद के वार्ड 13 के खाली पार्षद पद पर उप चुनाव कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है।
6- डिंडौरी में कलेक्टर ने डैम घाट पर नाविकों की बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा के जरूरी निर्देश दिए।
7- धार में नगर पालिका परिसर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया।
8- गुना में मिलावटखोरी रोकने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की लगातार जांच और सैंपलिंग की जा रही है।
9- सागर में मकान गणना का काम धीमा पड़ने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पांच जनगणना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
10- रतलाम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम ने अरिहंत परिसर और ऑफिसर कॉलोनी के नालों की सफाई कराई।